

९. बंदर और गिलहरी

एक बंदर पेड़ पर बैठा था। बंदर की पूँछ बहुत लंबी थी। इतनी लंबी थी कि ज़मीन तक लटक रही थी। एक गिलहरी ज़मीन पर उछल-कूद कर रही थी।

अचानक उसे पूँछ दिखाई दी। उसने सोचा – यह झूला कहाँ से आ गया? थोड़ी देर पहले तो नहीं था। वह पूँछ पर चढ़कर झूलने लगी। बंदर को गुदगुदी हुई। उसने नीचे देखा। वह हँस कर बोला – बहन गिलहरी! यह क्या कर रही हो? मुझे गुदगुदी हो रही है। गिलहरी चौंकी – बंदर भैया, यह तुम हो? मैं तो तुम्हारी पूँछ को झूला समझकर झूल रही थी। बड़ा मज़ा आ रहा था।

और गिलहरी हँसती हुई पेड़ की डाली पर चढ़ गई।

© NCERT not to be republished

गप्पें

बंदर की पूँछ लंबी थी, इतनी लंबी थी,
इतनी लंबी जैसे *सड़क*

चूहे की मूँछ इतनी घनी थी, इतनी घनी थी,
इतनी घनी थी जैसे ....।

भालू इतना मोटा था, इतना मोटा था,
इतना मोटा था जैसे ....।

ऊँट इतना ऊँचा था, इतना ऊँचा था,
इतना ऊँचा था जैसे ....।

चुहिया इतनी छोटी थी, इतनी छोटी थी,
इतनी छोटी थी जैसे ....।

कुत्ते की पूँछ इतनी टेढ़ी थी, इतनी टेढ़ी थी,
इतनी टेढ़ी थी जैसे ....।

........कोयल की.................... इतनी.................... थी..........................

........................जैसे.........................।

© NCERT not to be republished

गुदगुदी

कहानी में बंदर को गुदगुदी हुई।
अपने दोस्त को गुदगुदी करो।
पेट पर, पीठ पर, गर्दन पर,
हथेली पर, तलवे पर।
क्या हुआ?
अब खुद को गुदगुदी करके देखो।
अब क्या हुआ?

क्या करोगे

गिलहरी ने बंदर की पूँछ से झूला झूला, तुम इन चीज़ों से क्या-क्या करोगी? करके दिखाओ।

रुमाल ....

पेंसिल ....

फुटा  ....

© NCERT not to be republished

क्या-क्या

तुम तो कितनी सारी चीज़ें खाते हो, जैसे दूध-भात, संतरा, केला। इनके अलावा तुम और क्या-क्या खाते हो?

गिलहरी क्या-क्या खा लेती होगी?

बंदर क्या-क्या खा लेता होगा?

बच्चे अपनी कल्पना से लिखें। लिखने में बच्चों की मदद करें।

© NCERT not to be republished

कौन-कौन

जानवरों में कौन-कौन उछल-कूद करता होगा?

गाय	शेर	गधा	गिलहरी	हाथी
खरगोश	बिल्ली	चूहा	कुत्ता	ऊँट

उछल-कूद करते हैं	उछल-कूद नहीं करते
....	....
....	....
....	....
....	....

© NCERT not to be republished